मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 28/10/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --557/2025
28 अक्टूबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==========================

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंच कर माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने अपने पुत्र के विवाह उपरांत आयोजित "आशीर्वाद समारोह" में सम्मिलित होने हेतु माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को सपरिवार सादर आमंत्रित किया।

मौके पर माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार का आत्मीय स्वागत किया एवं उनके द्वारा मिले आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया। माननीय मुख्यमंत्री ने माननीय राज्यपाल को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

==========================

#Team PRD(CMO)